# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 498 वर्ष 39

राँची, 30 नवम्बर, 2015

## कोल इंडिया/सीसीएल का 41वाँ स्थापना दिवस समारोह

कोल इंडिया/सीसीएल के 41वें स्थापना दिवस के अवसर पर 01 नवम्बर, 2015 को सीसीएल, मुख्यालय में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, सीसीएल के मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद तथा मुख्यालय के सभी विभागों के मुख्य–महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण तथा श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, सीसीएल कर्मियों ने "शहीद स्मारक" पर कर्मवीर सीसीएल सपूतों को अपने श्रद्वा सुमन अर्पित कर श्रद्वांजलि दी। मुख्य अतिथि ने अवसर विशेष पर अमर ज्योति प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि ने कोल इंडिया का झंडा फहराया तथा सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के झंडे क्रमशः मुख्य–महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्षों द्वारा फहराए गए। इसके उपरांत गोरखा रेजिमेंट के जवानों ने बैंड पर देश–भक्ति की धुन बजाकर उपस्थित सभी लोगों को देश प्रेम से ओत–प्रोत कर दिया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम सीसीएल के सभी कर्मियों, श्रमिक प्रतिनिधियों, स्टेकहोल्डर्स तथा सीसीएल वृहद् परिवार के सभी सदस्यों को कोल इंडिया/सीसीएल के 41 वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कोल इंडिया के उत्पादन लक्ष्य की जानकारी देते हुए बताया कि कोल इंडिया का लक्ष्य 2020 तक 01 बिलियन टन कोयला उत्पादन है जिसमें से 150 मिलियन टन कोयला का उत्पादन सीसीएल को करना है। इस लक्ष्य प्राप्ति के लिए श्री गोपाल सिंह, सीएमडी सीसीएल ने एक विस्तृत विजन तैयार किया है जिसके अंतर्गत नई परियोजनाओं को खोलने की एवं वर्तमान खदानों का उत्पादन बढ़ाने की योजना है।



सीसीएल स्थापना दिवस पर सीवीओ श्री अरबिन्द प्रसाद एवं सीसीएल परिवार के सदस्यगण

अवसर विशेष पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य–महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्षों ने सीसीएल के सभी क्षेत्रों में लगभग 2400 तथा मुख्यालय के 90 कर्मचारियों को सीसीएल के स्थापना दिवस के अवसर पर एक साथ पदोन्नति आदेश देकर उन्हें बधाई दी।

स्वागत भाषण महाप्रबंधक (कल्याण) श्री वी.एन. प्रसाद जबकि धन्यवाद ज्ञापन मुख्य–महाप्रबंधक (सुरक्षा व बचाव) श्री सुमित घोष तथा मंच संचालन प्रबंधक (प्रशासन) श्री संजय ने किया।

## संविधान दिवस पर शपथ

विगत 26 नवम्बर को भारत सरकार के निर्देशानुसार सीसीएल मुख्यालय में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 125 वीं वर्षगांठ के अवसर पर सीसीएल कर्मियों को हमारे सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह ने संविधान की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संवैधानिक मूल्यों का पालन करने की शपथ ली। इस अवसर पर सी.सी.एल. के निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री सुबीर चन्द्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद एवं विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।



संविधान दिवस पर कर्मियों को शपथ दिलाते हुए सीएमडी श्री गोपाल सिंह

## विप्स–ईस्टर्न रीजनल सम्मेलन का आयोजन




दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सम्मानीय अतिथिगण

27 नवम्बर को सीसीएल द्वारा विप्स की ईस्टर्न रीजनल इग्जेक्यूटिव बॉडी फोरम की बैठक रांची में आयोजित की गई। बैठक में सीसीएल, सीएमपीडीआईएल, मेकॉन, इंडियन ऑयल, ऑयल इंडिया, ओएनजीसी जैसे अन्य सार्वजनिक उपक्रम की महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में आंतरिक समस्या प्रक्रिया, सदस्यता अभियान, नये सार्वजनिक उपक्रमों को विप्स से जोड़ने एवं सीएसआर जैसे विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में विप्स, रांची चैप्टर की संयोजक, श्रीमती रेखा सिंह एवं अन्य महिला पदाधिकारी उपस्थित थीं।

28 नवम्बर, 2015 को जवाहर नगर, सांस्कृतिक कला केंद्र में सीसीएल द्वारा फोरम ऑफ विप्स की रिजिनल मीट का आयोजन किया गया। इसमें देश के विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों की लगभग 350 महिला कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में माननीय अतिथि के रूप में श्रीमती मृदुला सिन्हा, प्रधान सचिव श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, झारखंड सरकार, श्रीमती प्रमिला सिंह प्रथम महिला सीसीएल, श्री आर.एस. महापात्र निदेशक (कार्मिक) सीसीएल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमति सुनीता महापात्र, श्री ए.वी. कृष्ण निदेशक (मार्केटिंग) एचइसी एवं श्रीमती कृष्ण, श्रीमती अमिता साहा अध्यक्षा विप्स ईस्टर्न रीजन, श्रीमती संचिता बनर्जी सचिव विप्स ईस्टर्न रीजन एवं अन्य सम्मानित महिला सदस्या उपस्थित थीं।

अपने संबोधन में मुख्य वक्ता श्रीमती मृदुला सिन्हा ने आयोजनकर्ता को सुनियोजित तरीके से कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि विप्स की रिजनल मीट की थीम – Together for save childhood एक प्रशंसनीय कदम है।

श्री आर.एस. महापात्र निदेशक (कार्मिक) ने अपने संबोधन में कहा कि सीसीएल में महिला कर्मी नारी शक्ति के रूप में कार्य कर रही है। श्रीमती रेखा सिंह संयोजक विप्स रांची चैप्टर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सीसीएल को इस कार्यक्रम को आयोजन करने का मौका मिला है यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।

समारोह में सेवानिवृत होने वाली तीन महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगें के लिए एक प्रश्नोत्तर अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में "विप्स ईस्टर्न रीजन न्यूज लेटर" का एवं "सीसीएल विप्स के न्यूज लेटर" का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

## "रक्तदान शिविर" का आयोजन

विगत 03 नवम्बर को केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर में "रक्तदान शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सी.एम.डी. सीसीएल की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह ने शिविर का उद्घाटन किया। तत्पश्चात उन्होंने रक्तदान कर वहाँ उपस्थित लोगों को रक्तदान हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक(वित्त) की धर्मपत्नी श्रीमती रीमी घोष, निदेशक(कार्मिक) की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र तथा निदेशक (तकनीकी–योजना/ परियोजना) की धर्मपत्नी श्रीमती रीता रेखा चन्द्रा भी उपस्थित थीं।

मुख्य अतिथि श्रीमती प्रमिला सिंह ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान की महत्ता को जन–जन तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। रक्तदान के बाद श्रीमती प्रमिला सिंह एवं अन्य अतिथियों ने अस्पताल के मरीजों के बीच फल एवं मिठाई भी वितरित किए।




"रक्तदान शिविर" में रक्तदान करते निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र

इसी क्रम में 14 नवम्बर को गांधीनगर में एक "रक्तदान शिविर" का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र ने किया। "रक्त ही जीवन है," को चरितार्थ करते हुए मुख्य अतिथि श्री महापात्र तथा अन्य लोगों ने इस सामाजिक कार्य में रक्तदान किया।

## पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

सीसीएल के 41 वें स्थापना दिवस के तीसरे दिन 03 नवम्बर को सीसीएल के गांधीनगर क्लब में आयोजित अंतर–स्कूल चित्रांकण प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 250 छात्र–छात्राओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी.सी.एल. के निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री पी.के. तिवारी ने कैनवास पर चित्र उकेर कर अंतर–स्कूल चित्रांकण प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। अवसर विशेष पर डीएवी. पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री एस.के. सिन्हा, वरीय चित्रकार श्री दिनेश सिंह, श्री रामानुज शेखर एवं श्री के.के. प्रसाद तथा अन्य अतिथियों ने भी कैनवास पर रंग उकेर कर बच्चों की हौसला अफजाई की।

मुख्य अतिथि श्री पी.के. तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष (अधिकारी स्थापना) –सह– कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती रेखा सिंह, विभागाध्यक्ष (प्रशासन) श्री गोपाल प्रसाद, विभागाध्यक्ष (भर्ती) श्री ए.के. सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण–पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया।

## जरूरतमंदो के बीच सीसीएल

स्थापना दिवस के अवसर पर सीसीएल सीएमडी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशक (वित्त) की धर्मपत्नी श्रीमती रिमी घोष, निदेशक (कार्मिक) की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र तथा विप्स की अध्यक्षा श्रीमती रेखा सिंह एवं सीसीएल की महिला अधिकारीगण "चेशायर होम", "वृद्वाश्रम" और "ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय" में वहाँ रहने वालें सभी लोगों से मिलकर उनका कुशल–क्षेम पूछा साथ ही उन्होंने उन सभी के बीच फल वितरण भी किए।

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)